तापमान

अधिकतम 33 डिग्री

न्यूनतम 18 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 28 मार्च 2024

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर


4 जमकर उड़े रंग-गुलाल, होली की मस्ती में डूबे रहे लोग



लोस चुनाव

बिजली, पानी, शौचालय की समुचित व्यवस्था करें: लंगेह / खिड़की, दरवाजा, ग्रिल, सीसी कैमरा मजबूत हो: परिहार

# अफसरों ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

लोकसभा निर्वाचन 2023 को लेकर बुधवार को कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार ने स्ट्रांग रूम व सुरक्षा जवानों के ठहरने की जगह का निरीक्षण किया। बैकुंठपुर के आदर्श रामानुज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को विगत विधानसभा सभा निर्वाचन 2023 में स्ट्रांग रूम बनाया गया था।



लोकसभा निर्वाचन के लिए भी इसी स्थल को बनाया गया है। इवीएम व वीपीएटी मशीनों के रख-रखाव व चॉक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार ने अधिकारियों के साथ निरीक्षण करते हुए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सलका स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज भवन का भी अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री लंगेह ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारी को शौचालय कक्ष को व्यवस्थित करने, खिड़की, दरवाजा आदि टूटफूट को शीघ्र मरम्मत करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्वाचन कार्य में सुरक्षा जवानों के पीने की पानी, बिजली, कूलर व साफ-सुथरा शौचालय व्यवस्था करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। लोक निर्माण, ऊर्जा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, नगर पालिका परिषद, बैकुंठपुर के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी व्यवस्था समय पर कर लें ,ताकि निर्वाचन के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या न हो। उन्होंने बिजली गुल होने पर जनरेटर व्यवस्था भी करने के निर्देश दिए हैं। विदित हो कि कोरिया में तृतीय चरण में चुनाव होना है, इस दौरान तेज गर्मी पड़ने की आशंका को देखते हुए शीतल जल की व्यवस्था करने के स्पष्ट निर्देश दिए हैं। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत प्रदेश सहित कोरिया जिले में आदर्श आचार संहिता 17 मार्च से प्रभावशील है। प्रदेश में 11 लोकसभा सीटों के लिए तीन चरणों में मतदान होगा, वहीं 6 लोकसभा सीट अनारक्षित है, 4 सीट अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित है एवं 1 सीट अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित है। तृतीय चरण में होने वाले कोरबा लोकसभा निर्वाचन के लिए अधिसूचना का प्रकाशन 12 अप्रैल, नामांकन दाखिल करने की अंतिम 19 अप्रैल, नामांकन पत्रों की संवीक्षा 20 अप्रैल, नाम वापसी 22 अप्रैल व मतदान मंगलवार 7 मई है।

## पुलिस अधिकारियों के लिए जिला स्तर पर प्रशिक्षण कार्यशाला



आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस मुख्यालय में 15 मार्च को उप निर्वाचन पदाधिकारी छग निलेश महादेव शिवसागर, उमेश अग्रवाल, राज्य पुलिस नोडल अधिकारी निर्वाचन ओपीपाल एवं संयुक्त निर्वाचन अधिकारी पीएस ध्रुव के द्वारा प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित किया गया था। इसमें कोरिया से पुलिस अधीक्षक एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय बैकुंठपुर उपस्थित रहे। उक्त प्रशिक्षण कार्यशाला के तारतम्य में पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के निर्देश पर 27 मार्च को रक्षित केन्द्र के कॉन्फ्रेंस हाल में उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्यामलाल मधुकर ने जिला स्तर पर प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित किया एवं सभी पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, प्रभारी अधिकारियों एवं उप निरीक्षकों को लोकसभा चुनाव से संबंधित बिंदुओं पर विभिन्न निर्देश दिए गए। इसमें आदर्श आचार संहिता का पालन कराना, लोकसभा चुनाव के दौरान होने वाले अपराध की विवेचना एवं प्राप्त होने वाले शिकायतों की निराकरण नियत समयावधि के भीतर किया जाना, लोकसभा चुनाव के पूर्व इकाई में उपलब्ध सभी लायसेंसी हथियार को जमा कराना, सफलतापूर्वक चुनाव संपन्न कराए जाने एवं अनुवीक्षण व्यय की निगरानी के लिए एफएसटी/एसएसटी टीम के गठन के बारे में बताया गया।

## मधुमक्खियों के हमले से महिला की मौत





**डोमनहिल।** चिरमिरी गोदरीपारा बी-टाइप में रहने वाले महिला पर मधुमक्खियों ने अमला कर दिया, इससे महिला की मौत हो गई, वहीं महिला का पति घायल है। घटना मंगलवार की दोपहर की है। महिला छत पर कपड़े सूखाने के लिए गई हुई थी, इसी दौरान मधुमक्खियों ने महिला पर हमला कर दिया। दरअसल घर के पास ही पीपल का पेड़ है,इस पर मधुमक्खियों का छत्ता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सिटी केबल में कार्य करने वाले कमलेश सिंह की पत्नी श्रीमती माला सिंह मंगलवार को कपड़े सूखाने के लिए छत पर गई थी। इसी दौरान अचानक छत पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। कमलेश पत्नी को बचाने के लिए छत पर गए, तो मधुमक्खियों ने उन्हें भी डंक मारा। बताया जा रहा है कि किसी कारण से मधुमक्खियां भड़क गई थीं और छत पर कपड़ा सूखाने गई महिला पर हमला कर दिया। मधुमक्खियों ने मोहल्ले के अन्य लोगों को भी डंक मारा है, हालांकि वे प्राथमिक उपचार के बाद ठीक हो गए। इधर मधुमक्खियों के हमले में महिला की दर्दनाक मौत के बाद गोदरीपारा में होली की खुशियां दुखः के माहौल में बदल गई। महिला के पति कमलेश ने बताया कि मधुमक्खियों के हमले के बाद पत्नी को गंभीर हालत में रीजनल अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया था, जहां उसने दम तोड़ दिया। गोदरीपारा के बी-टाइप कॉलोनी में मधुमक्खियों के हमले में महिला की मौत की यह पहली घटना है। आशंका जताई जा रही है कि चिड़ियों के चोंच मारने से मधुमक्खी भड़क गए होंगे।

## नगर पालिका में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान



**एमसीबी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार स्वीप नोडल अधिकारी के मार्गदर्शन में तथा नगर पालिका सीएमओ के नेतृत्व में बुधवार को नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ की स्वच्छता दीदीयों ने नगर पालिका के कर्मचारियों के साथ जागरूकता रैली के माध्यम से सभी नागरिकों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत हस्ताक्षर अभियान एवं मतदाता जागरूकता से संबंधित शपथ का आयोजन किया गया। इसमें कर्मचारियों ने शत-प्रतिशत मतदान करने का अपील किया।

## मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मतदान दलों को दिया गया प्रशिक्षण

**एमसीबी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा निर्वाचन के लिए संत जोसेफ हायर सेकेंड्री स्कूल तेंदूडांड़ में 750 तथा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनेन्द्रगढ़ में 300 प्रशिक्षणार्थियों को कुशल प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षणार्थियों को निर्वाचन की संपूर्ण प्रक्रिया से अवगत कराया गया। ईव्हीएम को चलाकर तथा सभी प्रकार की गतिविधियों से जोड़कर, व्यवहारिक अनुप्रयोगों के माध्यम से प्रक्रिया के सभी पक्षों को समाहित किया गया। मॉकपोल, मतदान के निर्धारित समयावधि, मतदान अधिकारियों के मतदान केन्द्र में पहुंचने के पश्चात किए जाने वाले कार्यों की जानकारी दी गई।

आबकारी एक्ट के तहत कड़ी कार्रवाई

## घेराबंदी कर पुलिस ने आरोपियों को दबोचा, अंग्रेजी शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले में हो रहे अवैध कारोबार जैसे जुआ, सट्टा, शराब, कबाड़ पर अंकुश लगाकर निरंतर कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया है। इसके परिणाम स्वरुप अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में 23 मार्च को थाना पटना की एक टीम आबकारी एक्ट की कार्रवाई के लिए मय किट सामग्री लेपटॉप, बैटरी, चलित प्रिंटर, सील चपड़ा, सुईधागा, मोमबत्ती, माचिस के साथ देहात रवाना हुए थे। जैसे ही टीम एसईसीएल अस्पताल पण्डोपारा के पास पहुंची, वैसे ही मुखबीर से



■ 50 नग जम्मू अंग्रेजी शराब के साथ दो गिरफ्तार

सूचना मिली कि दो व्यक्ति बाइक में सवार होकर आ रहे हैं। इसकी सूचना थाना प्रभारी पटना द्वारा तत्काल पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार को दी गई। इस पर एसपी ने आरोपी की पतासाजी कर उन्हें तत्काल पकड़ने के लिए निर्देशित किया। पुलिस टीम मुखबीर के बताए स्थान पर रवाना हुई। जहां पुलिस को पुनः जानकारी मिली कि दोनों अभी सोरगा की तरफ गए हैं एवं पण्डोबस्ती रोड पण्डोपारा से अपने घर ग्राम बड़सरा की ओर जाने वाले हैं। मुखबीर के बताए अनुसार उक्त टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी के लिए एम्बुस लगाई। कुछ देर बाद एक मोटरसायकल दिखाई दी। उक्त बाइक पर दो व्यक्ति बैठे थे, पीछे बैठे व्यक्ति के पास एक सफेद प्लास्टिक के झोले में कुछ रखा था, जिन्हें रोककर नाम पता पूछा गया एवं झोले को चेक किया गया। ▶▶ शेष पेज 4 पर

शांतिपूर्ण होली की व्यवस्था के बाद दूसरे दिन मनाई गई पुलिस वाली होली, एसपी कलेक्टर हुए शामिल

## कलेक्टर, एसपी ने नाका में तैनात पुलिसकर्मियों के साथ मनाई होली


**बैकुण्ठपुर।** होली के दूसरे दिन 26 मार्च को पुलिस अधीक्षक कैम्प ऑफिस एवं रक्षित केन्द्र बैकुंठपुर में पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों ने होली मनाई। 24 एवं 25 मार्च को पुलिस अधीक्षक के द्वारा जिलेभर में होलिका दहन एवं होली के मद्देनजर पुलिस अधिकारियों -कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी।



जिले में बिना किसी घटना-दुर्घटना के होली संपन्न होते ही पुलिस अधीक्षक कैम्प ऑफिस एवं रक्षित केन्द्र बैकुंठपुर में पुलिस के जवानों ने एक-दूजे को अबीर गुलाल लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं दी। जिले के सभी प्रभारी पुलिस अधीक्षक कैम्प ऑफिस पहुंचकर पुलिस कप्तान को रंग-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। पुलिस अधीक्षक एवं सभी पुलिस अधिकारी रक्षित केन्द्र के लिए रवाना हुए, जहां होली मनाने के लिए पहले से ही गाने-बाजे, फाग गीत, ढ़ोल-नगाड़े की तैयारी थी। वहां पहुंचकर सभी ने होली खेली एवं ठुमके लगाएं। ▶▶ शेष पेज 4 पर

### चेक पोस्ट में तैनात पुलिस जवानों के संग कलेक्टर, एसपी ने मनाई होली

पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार ने होली के त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने पर सभी पुलिस जवानों को बधाई दी। चूंकि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिले में सुरक्षा व्यवस्था एवं प्रभावी चेकिंग के लिए बार्डर चेक पोस्ट सहित सीमावर्ती सरहदी क्षेत्रों में कोरिया पुलिस द्वारा कुल 7 जगहों पर चेक पोस्ट की व्यवस्था की गई है, इसलिए चेक पोस्ट पर उनके साथ होली मनाने के लिए पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया, इसके बाद कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं एसपी सूरज सिंह परिहार स्वयं दुबछोला बैरियर चेक पोस्ट बचरापोंड़ी पहुंचकर वहां तैनात पुलिस जवानों के साथ होली मनाकर उन्हें बधाई दी। एसपी और कलेक्टर को अपने बीच पाकर तैनात जवान खुशी से झूम उठे।

27- March-RGH Bhoomi pg 2_Layout 1 3/27/2024 9:24 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### रेडक्रास के जिला समन्वयक सम्मानित

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने रेडक्रास के जिला समन्वयक रूपेश कुमार पाणिग्राही और जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र जशपुर के महाप्रबंधक एमएस पैंकरा को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। कलेक्टर ने रेडक्रास के जिला समन्वयक पाणिग्राही को विधानसभा निर्वाचन 2023 में अपने दायित्वों के साथ-साथ सहायक नोडल अधिकारी डाक मतपत्र, राज्य कार्यालय से प्राप्त होने वाले पत्रों का प्रतिदिन सारांशीकरण तैयार करारे, मतदान दिवस को हर 02 घंटे में रिपोटिंग तथा मतगणना स्थल में परिणाम संकलन प्रभारी के रूप में अतुलनीय कार्य हेतु प्रंशासा के पात्र बताते हुए सम्मानित किया है। इसी प्रकार महाप्रबंधक श्री पैंकरा द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 में अपने दायित्वों के साथ-साथ निर्वाचन सामग्री ऑकलन कर मतदान सामग्री मतदान दलों को उपलब्ध कराकर वितरण व्यवस्था सुदृढ़ रूप से कराने में सराहनीय कार्य कराने पर विधानसभा निर्वाचन निंविघ्न सम्पन्न हुआ जिस हेतु उत्कृष्ठ कार्य के लिए प्रशंसा के पात्र बताते हुए कलेक्टर ने सम्मानित किया है।

### निगरानी व उड़नदस्ता दलों को दिया गया प्रशिक्षण



**जशपुरनगर।** आगामी लोकसभा 2024 के निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने के लिए जिला स्तर पर गठित स्थैतिक निगरानी एवं उड़न दस्तादल का जिला पंचायत सभा कक्ष में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में आदर्श आचार संहिता, सी विजील, इलेक्शन सिजर मैनेजमेंट सिस्टम सहित अन्य मूलभूत जानकारी के साथ टीम को सौंपे गए दायित्व की जानकारी मास्टर ट्रेनर प्रोफेसर डीआर राठिया के द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक दल के अभ्यर्थियों को समानता का अवसर पर प्रदान करने धनबल एवं बाहुबल को नियंत्रित करने के लिए सभी अंतर राज्य सीमा पर चेक पोस्ट में सभी आवागमन वाहनों का एसएसटी टीम 24 घंटे निगरानी करेगी। निर्वाचन आचार संहिता के दौरान पचास हजार के अवैध राशि, दस हजार से अधिक का उपहार सामग्री, अवैध हथियार, अवैध शराब की आवागमन पर कड़ी नजर रखेंगे। स्टार प्रचारक, निर्वाचन अभिकर्ता को प्रमाण के साथ एक लाख रुपए तक का राशि रखने का अधिकार होगा।

### खुदाई के दौरान घर में निकला सांप



**कोरबा।** एक घर में खुदाई के दौरान फावड़ा चलाते समय एक सांप निकला। सांप को देखते ही लोगों में अफरा-तफरी मच गई। मकान मालिक ने सांप मिलने की सूचना स्नेक कैचर को दी। स्नेक कैचर मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू कर सांप को निकाला और सुरक्षित जंगल में छोड़ा। मकान मालिक राजेश यादव ने बताया कि घर पर कुछ निर्माण कार्य चल रहा है जहां मजदूर काम कर रहे थे। इस दौरान अचानक खुदाई करते समय एक नाग सांप निकल गया, जिसे देख सभी घबरा गए। मकान मालिक ने स्नेक कैचर जितेंद्र सारथी को फोन किया जिस पर स्नेक कैचर जितेंद्र सारथी राजेश यादव के घर आए और बताया कि मौसम का मिजाज बदलने के कारण सांप निकलने की घटनाएं लगातार बढ़ रही है। ऐसे सीजन में सांप काफी खतरनाक रहते हैं। स्नेक कैचर जितेंद्र सारथी मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू कर सांप को निकाला और सुरक्षित जंगल में छोड़ा।

### मुख्यमंत्री ने की प्रदेश में सुख-शांति व खुशहाली की कामना

# सरना निवास व प्रेस क्लब के होली मिलन समारोह में शामिल हुए सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



होली मिलन समारोह में शामिल मुख्यमंत्री विष्णु देव साय।

टिकैतगंज स्थित करमटोली के सरना निवास में आयोजित होली मिलन समारोह के दौरान छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि शामिल हुए। मुख्यमंत्री साय ने यहां कार्यकर्ताओं को होली के पावन पर्व की बधाई व शुभकामनाएं देते राज्य के विकास एवं सुख शांति और समृद्धि की कामना की। समारोह के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रंग गुलाल उड़ा कर कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों संग होली खेली। साथ ही पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को रंग गुलाल लगाकर होली खेली।

विधायक श्रीमती रायमुनी भगत के नेतृत्व और भारतीय जनता पार्टी के तत्वाधान में आयोजित होली मिलन समारोह कार्यक्रम के दौरान टिकैतगंज स्थित करमटोली के सरना निवास में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अपने निर्धारित समय पर पहुंचे। यहां पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पूरे जोश खरोश के साथ आत्मीय स्वागत किया। इसके बाद कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्यमंत्री ने होली पर्व की सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी। जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत ने सभा को संबोधित करते कहा कि होली मिलन समारोह कार्यक्रम में आए सभी का स्वागत है। इस कार्यक्रम में शामिल सभी ने भाई चारे और अपनेपन का संदेश दिया जो सराहनीय है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री साय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हैं,उनका सभी जिलेवासियों की तरफ से वह स्वागत करती हैं। होली के पर्व को सभी एकता और भाई चारे के साथ मनाए इसका भी अपील जशपुर विधायक ने मंच से किया। लोकसभा प्रत्याशी राधेश्याम राठिया ने कहा कि इस मंच पर सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के साथ होली का पर्व मनाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ इसका वह भाजपा परिवार का आभारी है। मुख्यमंत्री सहित सभी बुजुर्गों और वरिष्ठों का आशीर्वाद आज इस मौके पर मिल रहा है। भाजपा के पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय ने कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय यहां पहुंच होली मिलन समारोह में शामिल होकर जशपुरवासियों के साथ होली खेल रहे हैं यह अत्यंत ही हर्ष का विषय है। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को आशीर्वचन करते हुवे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्व.दिलीप सिंह जूदेव को स्मरण किया और कहा कि बुराई में अच्छाई की जीत का प्रतीक होली पर्व है, इस पर्व के संबंध में विस्तार से बताते हुए भक्त प्रह्लाद और राजा हिरण्य कश्यप के इतिहास पर भी मुख्यमंत्री ने प्रकाश डाला,साथ ही होली पर्व मनाने के प्रचलन को सविस्तार से बताया। श्री साय ने कहा कि इस पर्व में दुश्मन भी गले मिलकर नए जीवन का शुरुआत करते हैं। कार्यक्रम के दौरान पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय, प्रदेश संगठन मंत्री रामप्रताप सिंह, राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह, विधायक श्रीमती गोमती साय, लोकसभा प्रत्यासी राधेश्याम राठिया, जिलाध्यक्ष सुनील गुप्ता, जिला महामंत्री मुकेश शर्मा व भरत सिंह, जिला प्रवक्ता ओमप्रकाश सिन्हा, पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश राम भगत, श्रीमती शांति भगत, विक्रमादित्य सिंह जुदेव, शौर्य प्रताप सिंह जुदेव, विजय आदित्य सिंह जुदेव, नरेश नंदे, श्रीमती रजनी प्रधान, श्रीमती शारदा प्रधान, श्रीमती ममता कश्यप, उपेंद्र यादव, शंकर गुप्ता, रूपेश सोनी, विजय सहाय, मंडल अध्यक्ष संतोष सिंह, विकास सोनी, देवधन नायक, दीपक चौहान, कृपाशंकर भगत, सरवर फैजान खान, दीपू मिश्रा, राहुल गुप्ता, नीतू गुप्ता, प्रतिमा भगत, मुन्नी बाई, नितिन राय सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## होली में रंग-गुलाल से सराबोर रहा पत्थलगांव



जमकर होली मनाते नागरिक।

**पत्थलगांव।** नगर में लोगों ने खूब जमकर रंगों का त्यौहार होली मनाया। अपने परिवार के बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद लेने से लेकर अपने यार दोस्तों के साथ विभिन्न प्रकार के रंगों से रंगे लोगों ने होली के पारंपरिक त्यौहार को मनाई। इस मौके पर लोगों ने अपने सभी पुराने गिले-शिकवे को भूलते हुए एक दूसरे को रंग लगाकर एक दूसरे को होली की बधाई देते दिखे। सुबह से ही बच्चे से लेकर बड़े सभी रंगों से रंगे दिख रहे थे। बच्चे बड़ों को पिचकारियों से रंग मारते दिखे तो बड़े भी प्यार से बच्चों के पिचकारी की मार से खुद को रँगाते रहे। पानी से रंग लगा कर होली के त्यौहार में सभी ने एक दूसरे को रंग लिया। नगर में महिलाओं के साथ बच्चों ने भी जम कर होली खेली व पुरानी बस्ती में डीजे के धुन में नाचते रहे। होली के रंग में रंगे लोगों ने बस स्टेंड के मंडी में जबरजस्त होली का माहौल बनाया। यहां डीजे की रंगभरी धुनों के संगीत में नाचते थिरकते लोगों ने नाच गाकर एक दूसरे को रंग लगाया। साथ ही एक दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं देते रहे। वहीं होली के परम्परागत संगीत में नाचते लोग बड़ा ,भजिया और टमाटर की चटनी के साथ नास्ते का लुफ्त उठाते रहे।

## प्रेस क्लब ने सीएम के साथ मनाई होली



पत्रकारों के सुख, समृद्धि हेतु कामना की।

**जशपुरनगर।** सीएम बनने के बाद होली में पहली बार विष्णुदेव साय बगिया पंहुचे। यहां जशपुर प्रेस क्लब के सदस्यों पदाधिकारियों ने सीएम साय के साथ होली मनाई। रंग गुलाल अबीर के साथ फूलों से सीएम ने पत्रकारों के साथ होली खेली। मुख्यमंत्री ने यहां सभी पत्रकारों के सुख समृद्धि के साथ उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें होली की बधाई देकर मुंह मीठा कराया। उल्लेखनीय है कि रंगों के महापर्व होली के अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गृह ग्राम बगिया स्थित मुख्यमंत्री आवास में होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन रखा था। जिसमें जशपुर प्रेस क्लब के सभी पत्रकार आमंत्रित थे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सभी

## सीएम संग होली खेलकर खुशी से खिले आमजन के चेहरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसाबहार



गुलाल से मुख्यमंत्री को टीका लगातीं विधायक गोमती साय।

होली के पावन पर्व पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के गृहग्राम बगिया स्थित मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में दो दिनों तक होली की धूम रही। मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार अपनो के संग रंगो के महापर्व होली में शामिल होने पहुंचे क्षेत्र वासियों के साथ पूरे उत्साह,उमंग के साथ रंगो में सराबोर हुए इस अवसर पर पत्थलगांव विधायक गोमती साय ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व श्रीमती कौशल्या साय को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाए दी। जिले से भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता गण पत्रकार बंधुओ सहित क्षेत्र से आए आम जानो ने भी अपने मुख्यमंत्री के संग होली महोत्सव मनाए और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय को पत्थलगांव विधायक गोमती साय द्वारा रंग-गुलाल लगाकर रंगोत्सव की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। रंगो के महापर्व पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय अपनो के संग होली के रंग में रंगे और क्षेत्र से आए सभी पदाधिकारी गण पत्रकार बंधुओ सहित क्षेत्र वासियों को होली की शुभकामनाए दिये।

## बेमौसम बारिश से गेंहू की 16 हेक्टेयर फसल पर संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




■ सूरजमुखी व सरसों की फसलों को भी पहुंचा नुकसान

बीते दिनों हुई बेमौसम बारिश के कारण जिले के पुसौर व धरमजयगढ़ विकासखंड में गेंहू, सरसों व सूरजमुखी की फसलों को नुकसान पहुंचा है। हालांकि संबंधित क्षेत्र में राजस्व अमले द्वारा आने वाले दिनों सर्वे किया जाएगा। जिसके बाद असल नुकसान व मुआवजा को लेकर स्थिति हो सकेगी।

कृषि विभाग द्वारा अब तक किए गए आंकलन में पता चला है कि धरमजयगढ़ में गेंहू की करीब 16 हेक्टेयर में लगी फसल को नुकसान पहुंचा है। वहीं पुसौर विकासखंड में भी 3 से 4 एकड़ में सरसों व सूरजमुखी की फसलों को भी नुकसान हुआ है। जानकारी के अनुसार करीब 22 से 24 किसानों को बेमौसम बारिश से आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ा है। गौरतलब है कि कुछ दिनों ओलावृद्धि व तेज आंधी बेमौसम बारिश हुई थी। जिसकी वजह से फसलों के नुकसान होने की आशंका व्यक्त की जा रही थी। हालांकि जिले में सिर्फ पुसौर व धरमजयगढ में ही फसल नुकसान की शिकायतें कृषि विभाग को प्राप्त हुई हैं। अहम बात यह है कि अब स्थानीय राजस्व अमला इसका जमीनी स्तर पर सर्वे करेगा, जिसके बाद नुकसान की स्थिति व मुआवजा का आंकलन किया जाएगा।

**नुकसान की मिली शिकायत**

पुसौर व धरमजयगढ़ विकासखंड में बेमौसम बारिश कारण गेंहू, सरसों व सूरजमुखी की फसल नुकसान की शिकायतें मिली हैं।

**अनिल वर्मा**
उप संचालक
कृषि विभाग

## कुछ महिलाओं के खाते में अभी तक नहीं पहुंची महतारी वंदन की राशि

■ तकनीकी खामी सुधारने में लगा विभाग, ऐसे हितग्राहियों का चिंहाकन करने के निर्देश

**रायगढ़।** महतारी वंदन योजना के तहत पहली किश्त बीते 10 मार्च को जारी की गई, किंतु अब भी कुछ महिलाओं के खाते में यह राशि नहीं पहुंच सकी है। ऐसे में एक ओर जहां विभाग इस संबंध में तकनीकी खामियों को दुरूस्त करने में लगा है, वहीं दूसरी ओर शासन से उन्हें ऐसी महिलाओं का चिंहाकन करने के निर्देश मिले हैं, जिनके खाते में अब तक राशि नहीं पहुंची है। गौरतलब है कि राज्य की भाजपा सरकार ने महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन तथा उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार तथा परिवार में उनकी निर्णायक भूमिका सुदृढ करने, समाज में महिलाओं के प्रति भेदभाव, असमानता एवं जागरूकता की कमी को दूर करने आदि उद्देश्यों के साथ महतारी वंदन योजना को 10 मार्च को लागू की गई, इस योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को प्रति माह 1 हजार रूपए सहायता राशि के रूप प्रदान भी किया गया। किंतु अब तक कई हितग्राहियों के खाते में इसकी पहली किश्त नहीं पहुंच सकी है। अहम बात यह है कि विभाग को इस बात की जानकारी मिली है। हालांकि इसके कई तरह के कारण हैं, जिसमें बैंक खाते का आधार शिडिंग नहीं होना और अन्य दस्तावेजों की कमी मुख्य वजह है। जानकारी के अनुसार महिला एवं बाल विकास की एक विभागीय बैठक में भी इस मुद्दे पर चर्चा की गई और उच्चाधिकारियों को भी इससे अवगत कराया गया। मुख्य बात यह है कि इस योजना के तहत ऐसे में हितग्राहियों का चिन्हाकन किया जाएगा, जिनकों योजना की पहली किश्त प्राप्त नहीं हो सकी है, वहीं यह राशि उन्हें नहीं मिल सकी इसके कारणों की समीक्षा करते हुए इसे दुरूस्त किया जाएगा।

### छूटी महिलाओं को फिर मिलेगा मौका

बता दें कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बीते दिनों भिलाई में आयोजित कार्यक्रम में घोषणा करते हुए कहा था कि महतारी वंदन योजना के तहत 20 फरवरी तक आवेदन लिए गए थे, लेकिन अभी भी कई महिलाओं ने आवेदन नहीं किया है। ऐसी स्थिति में पुनः आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे। इससे जो विवाहित महिलाएं अभी तक इस योजना के लिए अवेदन नहीं कर पाएं हैं, वे आवेदन कर सकेंगी।

**होगी कार्रवाई**

महतारी वंदन योजना को लेकर बैठक हुई थी। जिसमें कई अहम चर्चा हुई। बैंक वार जानकारी उपलब्ध कराने को कहा गया है ताकि हितग्राहियों की बैंकवार जानकारी स्पष्ट हो सके। पुन: आवेदन आमंत्रण को लेकर आदेश आने वाले कार्रवाई की जाएगी।

**एलआर कच्छप**
महिला एवं बाल विकास अधिकारी

## लिंक कोर्ट में डगाल



**जशपुरनगर।** नारायणपुर में मंगलवार की शाम 4 से 5 बजे के बीच अचानक मौसम ने करवट ली। तेज आंधी तूफान चली, जिससे क्षेत्र के कई इलाकों में भारी पेड़ टूट कर गिर गए। तेज बारिश व ओले गिरने से जन जीवन अस्त व्यस्त रहा। अनेक क्षेत्र में रात भर ब्लेक आउट रहा। बुधवार को बिजली विभाग का दिन भर मरम्मत कार्य चालू है। नारायणपुर में मंगलवार की तेज आंधी में लिंक कोर्ट के ऊपर एक बड़ा आम का डगाल गिरा। हालांकि किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ। यह लिंक कोर्ट विगत कई वर्षों से संचालित हो रही थी विधान सभा चुनाव के बाद यह लिंक कोर्ट बिना कारण से बंद कर दिया गया है। इस लिंक कोर्ट के बन्द होने से क्षेत्र के दर्जनों गांव के लोग प्रभावित हुए। इस लिंक कोर्ट से छोटा बड़ा काम हुआ करता था अब इस क्षेत्र की जनता को 30 किमी दूर अतिरिक्त खर्च कर कुनकुरी जाना पड़ता है। इस लिंक कोर्ट के बन्द होने से क्षेत्र की जनता में काफी नाराजगी है।

## ओले से सबसे ज्यादा नुकसान जन सेवा अभेद आश्रम नारायणपुर के खेतों में हुआ



**जशपुरनगर।** जन सेवा अभेद आश्रम नारायणपुर के खेतों में लगे सरसों गिरे ओले ने पूरी तरह बर्बाद कर दिया। वहीं किसानों के गेंहू बर्बाद हो गया। किसान ओले वृष्टि से हुए नुकसान के लिए मुआवजा की मांग कर रहे हैं।

अभी तक राजस्व विभाग का कोई अमला नही पहुंचा है। 25 मार्च होली के दिन शाम होते बिजली कड़कना आंधी तूफान बे मौसम बारिश व ओलावृष्टि से किसानों की चिंताएं बढ़ गई है। सरसों व गेहं की फसल को भारी नुकसान का अनुमान बताया जा रहा है। खेतों में पकी खड़ी गेहूं की फसल चौपट हो गई है। तेज हवाओं के साथ 1 घण्टा चली बारिश ने किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी है। एक तरफ खेतों में पक कर तैयार हुई गेहूं की फसल पूरी तरीके से चौपट हो गई। वहीं दूसरी तरफ सरसों की खड़ी फसल ओला वृष्टि से खेतों में ही झड़ कर खराब हो गई। ओला वृष्टि से पूरा सरसों खेत सफेद आने लग गए। खेतों में ही पूरा सरसों का दाना झड़ के गिर गया और खराब हो गया। दूसरी तरफ कई गांवों में पेड़ धरासायी हो गए पूरा जन जीवन कुछ देरी के अस्त व्यस्त हो गया।

## निर्वाचन में संलग्न अधिकारियों को कलेक्टर की नसीहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

■ गंभीरता से निर्वाचन ड्यूटी करने के निर्देश



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू ने लोकसभा निर्वाचन 2024 को सुव्यवस्थित संपन्न कराने के लिए जिले के बिलाईगढ़ और बरमकेला क्षेत्र में चल रहे। अधिकारियो कर्मचारियों के प्रशिक्षण का जायजा लिया। इस प्रशिक्षण में सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री साहू ने सुबह सबसे पहले बरमकेला अंतर्गत शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बार में चल रहे प्रशिक्षण का जायजा लिया। कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने निर्वाचन प्रशिक्षण से जुड़े सभी कक्षा में जाकर निरीक्षण करते हुए शिक्षक और मास्टर ट्रेनर्स से प्रशिक्षण के संबंध में वार्तालाप किया।

मास्टर ट्रेनर से कलेक्टर ने निर्वाचन प्रशिक्षण के एक-एक चीजों के बारे में पूछा। कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने कहा कि निर्वाचन महत्वपूर्ण कार्य है। इसे गंभीरता से लेते हुए कार्य करें। मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसे सावधानीपूर्वक समझते हुए ग्रहण करें। उन्होंने मास्टर ट्रेनरों से कहा कि वीवीपैट, ईवीएम, कंट्रोल यूनिट का प्रयोग करके दिखाएं। इसके साथ ही मॉक टेस्ट भी करें।

बरमकेला विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बार के प्रशिक्षण में कुल दोनों पाली मिलाकर लगभग 500 शिक्षक शामिल हुए। यह प्रशिक्षण 4 कैमरा प्रोजेक्टर के माध्यम से मास्टर ट्रेनर द्वारा दिया जा रहा है।

प्रशिक्षण के दौरान आचरण संहिता से लेकर वोटिंग के नियमों को प्रशिक्षण में भी मतदान प्रक्रिया की पूरी जानकारी बतायी जा रही है। ईव्हीएम मशीन और व्हीव्हीपैट का प्रायोगिक प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान सभी आवश्यक जानकारिया नोट भी कराया जा रहा है। मास्टर ट्रेनर्स ने मतदान सामाग्री प्राप्त करने, मतदान केन्द्र तक परिवहन के दौरान सावधानी बरतने, मतदान केन्द्र में ईव्हीएम व वीवीपैट को रखने, मॉकपोल, निर्धारित प्रपत्र में जानकारी भरकर लिफाफा में सुरक्षित रखनेए मतदान पश्चात मशीन व दस्तावेजों को जमा करने आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

## निर्वाचन की प्रत्येक गतिविधियों के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों की कलेक्टर ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



अधिकारियों की बैठक लेते कलेक्टर

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.रवि मित्तल ने स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की प्रत्येक गतिविधियों के लिए नियुक्त जिला स्तरीय नोडल अधिकारियों की कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक ली।

उन्होने कहा कि लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही 16 मार्च से आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। रायगढ़ लोकसभा के अंतर्गत जिले में तीसरे चरण में 7 मई को मतदान और 4 जून को मतगणना होगी। कलेक्टर ने निर्वाचन की तैयारियों के तहत सभी नोडल अधिकारियों को उन्हें सौपे गए दायित्व का निर्वाहन गंभीरता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्वाचन के लिए कर्मचारियो की व्यवस्था, प्रशिक्षण कार्यक्रम, निर्वाचन नामावली, ईवीएम, व्हीव्हीपेट की उपलब्धता, रूट चार्ट, मतदान सामग्री, कानून एवं व्यवस्था, वाहन, कंट्रोल रूम, स्वीप गतिविधी, वेब कास्टिंग, एमसीएमसी,मतपत्र मुद्रण, मतगणना एवं स्ट्रांग रूम के बाहर की व्यवस्था एवं बैरिकेडिंग, विद्युत, पेय जल, चिकित्सा व्यवस्था, फायर ब्रिगेड, वीडियो ग्राफी आदि के लिए नियुक्त प्रभारी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने एफएसटी, एसएसटी टीम को हमेशा अलर्ट रहकर कार्य करने के निर्देश दिए। सीएमएचओ को मतदान दलों को मेडिकल किट समय पर उपलब्ध करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रदीप कुमार साहू,सर्व एसडीएम सहित सभी गतिविधियो के नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

27 March -Jash-RAGH-CORIY-JANJ- Bhoomi pg3_Layout 1 3/27/2024 8:32 PM Page 1



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'द पेंगुइन' का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज, कॉलिन फैरेल पर टिकीं सबकी निगाहे



कॉलिन फैरेल एक्शन सीरीज में नाइट क्लब मालिक के रूप में अपनी भूमिका दोहरा रहे हैं। द बैटमैन के निर्देशक मैट रीव्स द्वारा निर्मित, ट्रेलर ओसवाल्ड ₹पेंगुइन₹ कोबलपॉट पर नजर डालता है, जो सीरीज में बदला लेता नजर आएगा। मैट रीव्स की द बैटमैन स्पिनर ऑफ सीरीज 'द पेंगुइन' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। कॉलिन फैरेल एक्शन सीरीज में नाइट क्लब मालिक के रूप में अपनी भूमिका दोहरा रहे हैं। द बैटमैन के निर्देशक मैट रीव्स द्वारा निर्मित, ट्रेलर ओसवाल्ड ₹पेंगुइन₹ कोबलपॉट पर नजर डालता है, जो सीरीज में बदला लेता नजर आएगा। कॉलिन फैरेल क्रिस्टिन मिलियोटी के साथ द बैटमैन की अपनी भूमिका को दोहराते हुए पेंगुइन की भूमिका में हैं। ट्रेलर में फैरेल अपने खलनायकी अवतार से फिर से दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार नजर आता है। फैरेल को कहते हुए सुना जाता है, "जब मैं एक बच्चा था, एक गैंगस्टर था, असली पुराने स्कूल का प्रकार - रेक्स कैलाब्रेसे; वह बहुत बड़ी बात थी. उन्होंने लोगों की मदद की. उसने तुम्हें सड़क पर देखा, वह तुम्हें बुलाएगा। पेंगुइन फिर आगे कहता है, "जब मैं 14 साल का था, उसे दिल का दौरा पड़ा और वह सिगार पकड़े हुए ही मर गया। मेरे पड़ोस में, वे उनके सम्मान में एक परेड निकालते हैं और यह कोई कल्पना नहीं थी, लेकिन यह इशारा था। प्रेम का प्रदर्शन, उसका क्या मतलब था। क्या आप इस तरह याद किये जाने की कल्पना कर सकते हैं?"टैगलाइन, "मैक्स ओरिजिनल" के साथ समाप्त होने से पहले ट्रेलर विस्फोटों के खलनायक दृश्यों से भरा हुआ है। हालांकि सीरीज ने अभी तक कोई निश्चित रिलीज डेट निर्धारित नहीं की है, लेकिन इसके 2024 के अंत में आने की उम्मीद है। द पेंगुइन के कलाकारों में सोफिया फाल्कोन के रूप में क्रिस्टिन मिलियोटी, सल्वाटोर मारोनी के रूप में क्लेंसी ब्राउन, अल्बर्टो फाल्कोन के रूप में माइकल जेगेन और जॉनी विट्टी की भूमिका में माइकल केली हैं।

### टालीवुड

## 'एनिमल' के निर्देशक की नई फिल्म में नया लोचा, प्रभास का शेड्यूल गड़बड़ाया



प्रभास वर्तमान में अपने अगले बड़े बैनर प्रोजेक्ट, 'कल्कि 2898 एडी' की रिलीज के लिए तैयार हैं। नाग अश्विन निर्देशित इस फिल्म में वह भैरव की भूमिका में होंगे। इसी बीच अभिनेता की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'स्पिरिट' पर बड़ा अपडेट सामने आया है, जिसने उनके फैंस को निराश कर दिया है। अनजान लोगों के लिए, प्रभास की फिल्मों की लाइनअप में से एक प्रोजेक्ट 'स्पिरिट' है, जिसका निर्देशन 'एनिमल' फेम निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा करेंगे। पहले की मीडिया रिपोर्टों ने सुझाव दिया था कि फिल्म 2024 की गर्मियों में फ्लोर पर जाने के लिए तैयार होगी। हालांकि, ताजा रिपोर्ट से पता चला है कि प्रभास के पैक्ड शेड्यूल और संदीप रेड्डी वांगा द्वारा 'स्पिरिट' की स्क्रिप्ट पर समय बिताने के कारण फिल्म की शूटिंग आगे बढ़ गई है। अब इस मूवी के सितंबर महीने में फ्लोर पर जाने के आसार हैं। नवीनतम अपडेट से पता चलता है कि 'स्पिरिट' इस साल रिलीज नहीं हो पाएगी। रिपोर्ट के अनुसार, संदीप रेड्डी वांगा ने अभी फिल्म की स्क्रिप्ट पर काम शुरू किया है और इसे पूरा करने में उन्हें चार से पांच महीने लगेंगे। इसके बाद फिल्म की प्री-प्रोडक्शन औपचारिकताएं पूरी की जाएंगी। फिल्म में प्रभास को एक नेक पुलिस अधिकारी की भूमिका में देखा जाएगा। प्रभास की अगली रिलीज नाग अश्विन की 'कल्कि 2898 एडी' होगी जिसमें वह कमल हासन, अमिताभ बच्चन और दीपिका पादुकोण के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करते नजर आएंगे। फिल्म 9 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इसके बाद प्रभास, मारुति द्वारा निर्देशित फिल्म 'द राजा साहब' पर काम शुरू करेंगे।

'स्पिरिट' का एलान प्रभास की 25वीं फिल्म के रूप में किया गया था। एक इंटरव्यू के दौरान 'एनिमल' के प्रोडक्शन डिजाइनर सुरेश सेलवाराजन ने संदीप रेड्डी वांगा के साथ अपने अगले प्रोजेक्ट 'स्पिरिट' को लेकर बातचीत की। सुरेश ने बताया कि प्रभास अभिनीत 'स्पिरिट' फिल्म 'एनिमल' से काफी बड़ा प्रोजेक्ट होगा। 'स्पिरिट' का निर्माण टी-सीरीज के बैनर तले होने वाला है।

### भोजपुरी

## खनऊ में 'शूरवीर' की शूटिंग पूरी होते ही लोगों के बीच पहुंचे चिंटू और यामिनी



उत्तर प्रदेश के लखनऊ शहर में कई सारी फिल्मों की शूटिंग होती रहती है, खासकर भोजपुरी फिल्में अक्सर यहां शूट होती हैं। इसी बीच, कई महीनों से भोजपुरी फिल्म 'शूरवीर' की शूटिंग हो रही थी, जो अब पूरी हो चुकी है और इसके एक्टर्स यामिनी सिंह और प्रदीप कुमार चिंटू लोगों के बीच पहुंच गए। उत्तर प्रदेश के किसी भी शहर में आप आजकल चले जाएं, हर बड़े शहरों में आपको कुछ ना कुछ मनोरंजन के खास साधन मिल ही जाएंगे और अब तो खासकर से जब से योगी आदित्यनाथ की सरकार आई है तब से उत्तरप्रदेश में फिल्मों की शूटिंग बहुत अधिक होने लगी है। इसके पीछे निर्माता निर्देशकों को शायद बेहतर कानून व्यवस्था का मिलना ही है, क्योंकि बिना बेहतर कानून व्यवस्था कि कोई सुपरस्टार क्राउड के बीचों बीच खड़े होकर शूटिंग तो नहीं कर सकता। भोजपुरी फ़ल्मि जगत की खूबसूरत एक्ट्रेस यामिनी सिंह और प्रदीप पाण्डेय चिंटू लखनऊ में इसी बात को दिखा रहे हैं। गुरुवार को लखनऊ में एक्टर प्रदीप पाण्डेय चिंटू और यामिनी सिंह की फ़ल्मि 'शूरवीर' की शूटिंग पूरी हो गई। इसी फिल्म की शूटिंग के दौरान प्रदीप पाण्डेय चिंटू और यामिनी सिंह आम जनता के बीच पहुंच गए।

### आ देखें जरा

### लाइफ स्टाइल



मुंबई में जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में लैक्मे फैशन वीक 2024 सिद्धार्थ टाइटलर शो के दौरान एक मॉडल का अंदाज ऐसा भी।

## जेल क्लींजर से फेस क्लीन करने से मिलते हैं ये फायदे

अगर आप अपने फेस को क्लीन करने के लिए जेल क्लींजर का इस्तेमाल करते हैं तो इससे आपको कई फायदे मिल सकते हैं। यह स्किन क्लीनिंग के लिए एक अच्छा ऑप्शन है। जब भी स्किन केयर की बात होती है तो उसमें सबसे पहला और जरूरी स्टेप होता है क्लीनिंग। स्किन की क्लीनिंग के बाद ही हम किसी भी स्किन केयर प्रोडक्ट का इस्तेमाल करते हैं। जब फेस को सही तरह से क्लीन किया जाता है तो इससे सरफेस पर मौजूद गंदगी दूर होती है और क्लीनिंग की मदद से चेहरे पर मौजूद किसी भी तरह की गंदगी को दूर करने में मदद मिलती है। इसके बाद जब किसी प्रोडक्ट को इस्तेमाल किया जाता है तो अधिक बेहतर रिजल्ट मिलते हैं। आजकल फेस क्लीनिंग के लिए भी मार्केट में अलग-अलग ब्रांड्स के कई प्रोडक्ट्स अवेलेबल हैं। इन्हीं में से एक है जेल क्लींजर। जेल बेस्ड क्लींजर चेहरे पर बहुत अधिक लाइट होते हैं। यह ना केवल स्किन को डीप क्लीन करते हैं, बल्कि इससे आपको अन्य भी कई लाभ मिलते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको जेल क्लींजर से मिलने वाले कुछ बेमिसाल फायदों के बारे में बता रहे हैं।



### होती है डीप क्लीनिंग

जब आप जेल क्लींजर का इस्तेमाल स्किन पर करते हैं तो इससे स्किन को डीप क्लीन करने में मदद मिलती है। जेल क्लींजर की यह खासियत होती है कि वे सिर्फ त्वचा की सतह ही नहीं, बल्कि पोर्स से भी गंदगी, तेल, मेकअप और अन्य अशुद्धियों को प्रभावी ढंग से हटाते हैं। उनकी जेल जैसी कंसिस्टेंसी के कारण वे स्किन में गहराई से प्रवेश करते हैं और इससे स्किन की बेहतर क्लीनिंग होती है।

### पीएच लेवल रहता है बैलेंस

जेल क्लींजर का इस्तेमाल करने का एक फायदा यह भी है कि इससे पीएच लेवल को बैलेंस रखने में मदद मिलती है। दरअसल, जेल क्लींजर को इस तरह बनाया जाता है कि वे स्किन के नेचुरल पीएच से मिलते-जुलते हैं। ऐसे में जब आप इसका इस्तेमाल करती हैं तो इससे स्किन बहुत अधिक रूखी या बेजान नजर नहीं आती है। इसी क्वालिटी के कारण जेल क्लींजर को किसी भी स्किन टाइप पर आसानी से इस्तेमाल किया जा सकता है, फिर चाहे आपकी स्किन सेंसेटिव ही क्यों ना हो।

### स्किन होती है रिफ्रेश

अगर आप जेल क्लींजर का इस्तेमाल करती हैं तो इससे आपको चेहरा धोने के बाद एक फ्रेशनेस का अहसास होगा। चूंकि वे जेल बेस्ड क्लींजर बेहद ही लाइट होते हैं, इसलिए वे आपकी स्किन को फ्रेश और कूल फील करवाते हैं। आप इसे सुबह में इस्तेमाल कर सकती हैं या फिर वर्कआउट के बाद भी जेल क्लींजर स्किन पर काफी अच्छा काम करते हैं।

चूंकि अब मौसम बदलने लगा है तो आप अपनी वैनिटी के प्रोडक्ट को भी बदलने का विचार कर रही होंगी। ऐसे में जेल क्लींजर को अपने समर स्किन केयर रूटीन का हिस्सा बनाएं। गर्मियों में जब तापमान बहुत अधिक होता है ।

## ईद पर दिखाना है खूबसूरत अंदाज तो अभी से तैयार कराएं खास सूट

### फैशन



लोग पूरे साल रमजान के पाक महीने का इंतजार करते हैं, क्योंकि रमजान महीने के आखिरी दिन ईद-उल-फितर मनाई जाती है। ईद का पर्व हर किसी के लिए बेहद खास होता है। ऐसे में इसकी तैयारियां कई-कई दिनों पहले से ही शुरू हो जाती है। ईद-उल-फितर के दिन लोग नए-नए कपड़े पहनते हैं और एक-दूसरे के घर ईद की बधाई देने जाते हैं।



खासतौर पर अगर बात करें महिलाओं और लड़कियों की तो हर महिला ईद के दिन के लिए अपना मेकअप से लेकर आउटफिट और ज्वेलरी तक चुन-चुन के तैयार करती हैं। ऐसे में अगर आप इस बार ईद पर अपना खूबसूरत अंदाज दिखाना चाहती हैं, तो हम आपको सूट के कुछ ऐसे डिजाइन बताने जा रहे हैं, जिन्हें आप अभी से तैयार करा सकती हैं। दरअसल, हम इस लेख में आपको बिग बॉस फेम सोमी खान के कुछ ऐसे सूट दिखाने जा रहे हैं, जिनसे टिप्स लेकर आप भी अपना सूट तैयार करा सकती हैं।



**कुर्ता विद जैकेटः** अगर आपको दुपट्टा कैरी करने में दिक्कत होती है, तो इस तरह का पैंट और सूट आप अपने लिए तैयार करना सकती हैं। इसमें आपको दुपट्टे की जगह एक इस तरह की ही जैकेट करानी पड़ेगी। इसके साथ अपने बालों को खुला ही रखें।

**शरारा सूटः** अगर शरारा सूट पहनना पसंद है तो इस तरह का कॉलर वाला कुर्ता और शरारा आप अपने लिए तैयार करा सकती हैं। इसके साथ नेट फैब्रिक का दुपट्टा आपको खूबसूरत लुक देने का काम करेगा।

**अनारकली सूट :** अगर अनारकली सूट पहनने का मन है, तो इस तरह से नेट फैब्रिक का अनारकली सूट आप अपने लिए तैयार करा सकती हैं। ये देखने में भी काफी खूबसूरत लगता है। इसके साथ दुपट्टा लेना न भूलें।

## ऋतिक रोशन ने की अनन्या की तारीफ



मुंबई। एक्टर ऋतिक रोशन ने फिल्म 'खो गए हम कहां' में एक्ट्रेस अनन्या पांडे की जमकर तारीफ की। पिछले साल दिसंबर में रिलीज फिल्म का निर्देशन अर्जुन वरैन सिंह ने किया है। इसमें सिद्धांत चतुर्वेदी, अनन्या और आदर्श गौरव मुख्य भूमिका में हैं। यह तीन दोस्तों की कहानी है, जो सोशल मीडिया के दबाव के बावजूद अपने लक्ष्य और रिश्तों को आगे बढ़ाते हैं। एक्स पर ऋतिक ने लिखा कि कुछ दिन पहले 'खो गये हम कहां' देखी। मैंने इसका भरपूर आनंद लिया। यह कोई आसान शैली नहीं थी। अनन्या पांडे आप एक स्टार हैं। सिद्धांत चतुवेर्दी और आदर्श गौरव आप लोगों का प्रदर्शन क्या शानदार था। अर्जुन वरैन ने बहुत अच्छा निर्देशन किया है। पूरी टीम को बधाई, यह फिल्म अवश्य देखनी चाहिए। फाइटर स्टार को जवाब देते हुए अनन्या ने कहा कि ऋतिक सर, आपने मेरा दिन बना दिया, आपके प्यारे शब्दों और सराहना के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। यह मेरे लिए बहुत प्रेरक है।

फिल्म अर्जुन, जोया अख्तर, रीमा कागती ने लिखी है। यह एक्सेल एंटरटेनमेंट और टाइगर बेबी फिल्म्स के बैनर तले रितेश सिधवानी, अख्तर, कागती और फरहान अख्तर द्वारा निर्मित है।

## बालों को 'हाइलाइट' कराने का है मन तो इन बातों का जरूर रखें ध्यान

आज के समय में बालों को हाइलाइट कराना हर किसी की पसंद बनता जा रहा है। चाहे पुरुष हो या महिला, हर कोई अपने बालों को अलग-अलग रंगों से हाइलाइट कराना पसंद करता है। लोग स्टाइलिश दिखने के लिए हाइलाइट का इस्तेमाल करते हैं। बालों को अलग रंग से हाइलाइट कराने पर ना सिर्फ लुक बदल जाता है, साथ ही इससे आपकी पर्सनेलिटी में भी बदलाव होता है। हाइलाइट्स की वजह से बालों में अतिरिक्त चमक भी आ जाती है। वैसे तो जो भी हाइलाइट कराता है वो पहले इसे बारे में सही से पता करता है, लेकिन बहुत से लोगों को समझ नहीं आता कि वो किस तरह से बालों को हाइलाइट कराएं।



### सही से करें रंगों का चयन

बालों में हाइलाइट कराते वक्त रंग का चयन ध्यान से करें। हाइलाइट कराने से पहले अपने स्किन टोन का भी ध्यान रखें क्योंकि बालों के रंग में बदलाव की वजह से या तो आपका लुक काफी बेहतर हो जाएगा या हो सकता है कि बिगड़ जाए। ऐसे में रंग का चयन करते वक्त स्किन टोन और मौसम दोनों का ख्याल रखें।

### सोच समझ कर करें जगह का चुनाव

यहां बात बालों की हो रही है, ऐसे में हाइलाइट उसी जगह कराएं, जहां आपको प्रोफेशनल आपके बालों को मैनेज करें। अगर आप किसी ऐसी-वैसी जगह पर हाइलाइट कराएंगे तो हो सकता है कि आपके बाल डैमेज हो जाएं। इसी के चलते बाल वहीं से हाइलाइट कराएं, जहां प्रोफेशनल मौजूद हों।

### कई रंगों से रहें दूर


बहुत से लोग एक साथ दो-तीन रंगों से बालों को हाइलाइट कराते हैं। वैसे तो कई लोगों पर ये लुक अच्छा लगता है लेकिन फिर भी हाइलाइट कराते वक्त ध्यान रखें कि अगर आप कई रंगों का इस्तेमाल करेंगे तो इससे आपका लुक बिगड़ सकता है क्योंकि ये हर किसी पर नहीं जचता। इसके साथ ही अलग-अलग रंगों की वजह से कई केमिकल आपके बालों में जाएंगे, जिससे बाल खराब हो सकते हैं। अगर आपको गर्म पानी से बाल धोने की आदत है तो हाइलाइट कराने से बचें। हाइलाइट कराने के बाद बालों को नॉर्मल पानी से ही धोना पड़ेगा।

## ऋषभ संग शादी पर दिया जवाब

बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतले का नाम जब भी लिया जाता है, तो अपने आप ही लोगों की जुबान पर क्रिकेटर ऋषभ पंत का नाम आ जाता है। उर्वशी ने अपने काम से ज्यादा क्रिकटर संग अपनी कंट्रोवर्सी से सुर्खियां बटोरी है। मिस यूनिवर्स इंडिया 2015 का टाइटल जीतने वाली उर्वशी जल्द ही फिल्म जेएएनयू में नजर आने वाली है और एक्ट्रेस अपनी फिल्म का जमकर प्रमोशन कर रही हैं।

**मुंबई।** इस फिल्म के प्रमोशन के बीच उर्वशी ने हाल ही में दिए इंटरव्यू में सुष्मिता सेन के उनसे मिस यूनिवर्स इंडिया 2012 का टाइटल छीनने को लेकर बड़ा खुलासा किया था। इसी बीच अब एक्ट्रेस ने भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ी ऋषभ पंत से शादी के सवाल पर रिएक्शन दिया है।

दरअसल, उर्वशी ने हाल ही में इंटरव्यू के दौरान अपने फैंस के सवालों के जवाब दिए। इस दौरान एक्ट्रेस से वो सवाल पूछे गए, जो अक्सर ही फैंस उनसे करते रहते हैं। पहले तो उर्वशी रौतेला ने काफी आराम से होस्ट को उनका सवाल पूरा करने दिया। इस सवाल पर हर कोई उर्वशी के जवाब का इंतजार कर रहा था। होस्ट से लेकर फैंस सभी उम्मीद लगाकर बैठे थे कि एक्ट्रेस क्रिकेटर संग शादी के सवाल पर क्या बोलेंगी। मगर उर्वशी ने सभी की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। उर्वशी ने ऋषभ पंत संग शादी के सवाल पर जवाब में बोली, 'कोई कमेंट नहीं।' उर्वशी और ऋषभ का रिश्ते की सच्चाई क्या है, ये तो दोनों स्टार्स ही अच्छे से जानते हैं। मगर एक समय पर दोनों के रिलेशनशिप की खबरों ने खूब तूल पकड़ा था। लेकिन तब दोनों ने ही इन्हें अफवाह बताया था। साल 2018 में इन दोनों कई बार एक जगह पर स्पॉट किया गया है, फिर उस साल के बाद दोनों ने एक-दूसरे को व्हाट्सएप पर ब्लॉक तक दिया था। सोशल मीडिया पर दोनों क्रिप्टिक नोट लिखकर एक-दूसरे पर अपनी भड़ास भी निकालते रहे हैं, लेकिन जब ऋषभ का एक्सीडेंट हुआ था।




## अदा ने डांस बार में बिताई रातें

मुंबई। एक्ट्रेस अदा शर्मा ने 'सनफ्लॉवर 2' में अपनी भूमिका को लेकर खुलासा किया है। एक्ट्रेस का कहना है कि उन्होंने अपनी भूमिका के लिए एक डांस बार में रातें बिताईं। वह स्क्रीन पर प्रभावकारी दिखना चाहती थीं। एक्ट्रेस अदा शर्मा ने कहा कि मैं प्रभावकारी दिखना चाहती थी। यह सिर्फ इस बारे में नहीं है कि आप डांस कब कर रहे हैं बल्कि यह इस बारे में है कि आप कैसे बैठते और खड़े होते हैं और परफॉर्मेंस नहीं करने के दौरान आप अपने शरीर के साथ कितने सहज हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि वह कभी-कभी ध्यान देने के लिए डांस बार में सुबह 5 बजे तक रुकती थीं। एक्ट्रेस ने आगे कहा कि वे इतने अच्छे थे कि उन्होंने मुझे बार में रुकने और चीजों को देखने की इजाजत दी। कस्टमर्स से बात करते समय उनके आत्मविश्वास को मैंने देखने की कोशिश की। मैं रात को 9 बजे जाती थी, कभी-कभी सुबह 4 से 5 बजे तक रुकती थी। वेब सीरीज 'सनफ्लॉवर' सीरीज एक हाउसिंग सोसाइटी के निवासियों के जीवन पर आधारित है। वे एक हत्या के रहस्य में उलझ जाते हैं। इसमें सुनील ग्रोवर और मुकुल चड्ढा मुख्य भूमिका में हैं।



## खबर संक्षेप

### स्वीप मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन



**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह के निर्देशन व मार्गदर्शन में आगामी लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत निर्धारित कार्यक्रम अनुसार 26 मार्च को विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 3 बैकुंठपुर अंतर्गत जनपद पंचायत बैकुंठपुर सभाकक्ष में एनआरएलएम अंतर्गत पंजीकृत स्वयं सहायता समूह के सदस्यों की उपस्थिति में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर नवीन मतदाताओं का चिन्हांकन करने व मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए शपथ दिलाया गया। नवीन मतदाता चिन्हांकन व मतदाता सम्मान कार्यक्रम के क्रम में पंचायत स्तर पर चलाए जा रहे अभियान के तहत स्वयं सहायता समूह के सदस्य चूंकि ग्राम पंचायत स्तर पर जमीनी स्तर पर कार्य करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक जुड़े हुए होते हैं, जिन्हें जिला प्रशासन के द्वारा मतदान के लिए जागरूकता का प्रभाव इनके माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाया जा सकता है। मतदान के लिए जागरूकता कार्यक्रम के तहत महिला समूह के सदस्यों के मध्य स्वीप के थीप पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन जैसे मेहंदी अथवा रंगोली प्रतियोगिता इत्यादि किया गया। जिला स्वीप समिति के द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों का मतदाताओं के मध्य सकारात्मक प्रभाव देखा जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, स्वीप नोडल महेश शिवहरे एवं जनपद स्तर के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय मानवाधिकार अपराध और भ्रष्टाचार विरोधी ब्यूरो की मोनिका प्रदेश महिला प्रभारी

**मनेन्द्रगढ़।** अधिवक्ता मोनिका सिंह को राष्टीय मानव अधिकार अपराध एवं भ्रष्टाचार विरोधी ब्यूरो का छग प्रदेश महिला प्रभारी नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति ब्यूरो के राष्टीय अध्यक्ष मोहित गुप्ता ने ब्यूरो के छग प्रदेशध्यक्ष घासीदास भारद्वाज व ब्यूरो की राष्टीय महिला सचिव मीना खंडेलवाल की अनुशंसा पर की है। अधिवक्ता मोनिका सिंह पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री एवं विधायक श्रीमती रेणुका सिंह की सुपुत्री है। मोनिका विश्व हिंदू महासंघ मातृशक्ति विंग की छग प्रदेश उपाध्यक्ष भी है।



### ज्ञान भारती स्कूल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान

**जांजगीर-चांपा।** ज्ञान भारती विद्यालय जांजगीर में शनिवार 23 मार्च को पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम विद्यालय के संचालकआर.सी. पाण्डेय, जैन सर, जी.आर. जांगड़े प्राचार्य (अंग्रेजी माध्यम एवं श्रीमती सीमा कश्यप प्राचार्य (हिन्दी माध्यम के द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान माता सरस्वती की वंदना और श्री राम जी की स्तुति किया गया। बच्चों के साथ अभिभावक गण भी उपस्थित हुए। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विद्यालय के शिक्षक/शिक्षकों का बड़ा योगदान रहा।

### 300 घंटे का प्रशिक्षण देकर युवाओं को दिया गया रोजगार

**मुलमुला।** न्यूवोको विस्टास कार्पोरेशन लिमिटेड की कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व ( सी.एस.आर ) की पहल के अंतर्गत आरसमेटा सीमेंट प्लांट द्वारा न्यूवो मेसन ट्रेड ( सहायक मेसन ) में 23 मार्च को कौशल विकास कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत 60 युवक-युवतियो ने 300 घण्टे का मेसन कौशल प्रशिक्षण सफलतापूर्वक प्राप्त किया। कार्यक्रम का समापन मुख्य अतिथि जी.हरी किशोर प्लांट हेड एवं हरिश दरी सीएसआर हेड आरसमेटा सीमेंट प्लांट की उपस्थिति में हुआ। इस कार्यक्रम में 60 युवाओं को सहायक मेसन प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार हेतु ऑफर लेटर प्रदान किए गए एवं मेसन टूल किट प्रदान कर बेहतर भविष्य निर्माण हेतु शुभकामनाए प्रेषित की गई। मुख्य अतिथिजी. हरी किशोर ने हौसला अफजाई करते हुए यह सीख दी की अपने आप को इतना काबिल बनाओ के कंपनी आपको जॉब देने के लिय उत्सुक हो जिसमें यह कौशल विकास कार्यक्रम आपकी मदद करेगा।

## धूमधाम से मना त्यौहार, बच्चों में खासा उत्साह

# जमकर उड़े रंग-गुलाल, होली की मस्ती में डूबे रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

बुराई पर अच्छाई की जीत और रंगों का पर्व होलिकोत्सव समूचे कोरिया और एमसीबी जिले में पारंपरिक आयोजनों के बीच पूरे उमंग व उत्साह के बीच मनाई गई। होली के दिन शहरी क्षेत्र सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चे, युवा और बुजुर्गों सहित सभी ने जमकर होली खेली और एक-दूसरे को होली पर्व की बधाई दी। होलिका दहन से प्रारंभ हुई होली को धूमधाम से मनाने का सिलसिला 25, 26 मार्च तक जारी रहा। इस मौके पर बच्चे एवं युवाओं ने डीजे के धून पर जमकर थिरके और सभी ने एक-दूसरे को रंग लगाया। वहीं महिलाओं ने भी घर-घर में अपनी सखी-सहेलियों पर रंग उड़ेला। बच्चों में खासा उत्साह देखते ही बन रहा था। किसी भी राह चलते व्यक्ति को पिचकारी की मार से सराबोर कर रहे थे। होली पर्व के अवसर पर जहां कुछ समझदार लोगों द्वारा पानी की समस्याओं को देखते हुए रंग-गुलाल के साथ तिलक होली खेली, वहीं नगर के कई वार्डों में बच्चे, महिलाओं अपने मकानों की छत पर ही बाल्टियों में रंग घोलकर आने-जाने वाले हुड़दंगी की टोलियों पर पानी और रंग बरसाते रहे।



कोरिया व एमसीबी में रंगों का त्यौहार होली परंपरिक रूप से मनायी गई। एक दूसरे को रंग लगाकर उत्साह के साथ पर्व मनाते बच्चें।

### बच्चों ने खूब खेला रंग

प्रातः होते ही नन्हें-मुन्ने बच्चे पिचकारी लेकर सड़कों पर घूमते नजर आने लगे वे पिचकारी के साथ मुखौटा लगाए तथा हाथ में रंग-गुलाल लिए धमा चौकड़ी मचाते रहे। दोपहर होते-होते हुरियारों की टोली की टोलियां सड़कों पर नजर आने लगी है, किंतु इस बार विशेषता यह है कि, हुरियारों ने बड़ी शालीनता और सौहाद्रपूर्ण वातावरण में पर्व मनाया व लोगों की इच्छाओं के अनुरुप तिलक लगाकर बुजुर्गो का आर्शीवाद प्राप्त किया।

### चाक-चौबंद रही पुलिस व्यवस्था

होली पर्व पर पुलिस द्वारा 25 मार्च से ही जिले एवं ग्रामीण अंचल में पुलिस गश्त तेज कर दी थी। जिसमें पुलिस बल के जवानों द्वारा हुड़दंगियों पर पैनी नजर रखी गई। पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के निर्देशन में जिले के सभी थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों पर पुलिस बल बड़ी मुस्तैदी के साथ तैनात किए गए थे, जिससे कि होली खेलने वाले हुड़दंगी किसी प्रकार का उपद्रव ना कर पाएं। पुलिस विभाग द्वारा रंगपंचमी पर अप्रिय घटनाओं को रोकने के लिए शहर के सभी चौराहों व मुख्यमार्गों पर सख्त पहरा लगाया गया था।

## क्लब की सदस्यों ने बच्चों के साथ मनाई होली



**डोमनहिल।** क्षेत्र की सामाजिक महिला संस्था प्रेरणा महिला क्लब के सदस्यों ने करीबन डेढ़ सौ बच्चों के बीच होली के पर्व को ध्यान में रखते हुए बच्चों को पिचकारी, रंग-गुलाल ट्रॉफी मिठाई सहित अन्य सामग्रियों का वितरण किया। वहीं महिलाओं को कपड़े वितरित किए गए। मौके पर संस्था की अध्यक्ष श्रीमती रीना वर्मा ने बताया कि प्रेरणा महिला क्लब रंगों का त्यौहार होली बच्चों के साथ मनाने की दिशा में आगे बढ़ी है और होली के पूर्व भी कई ऐसे कार्यक्रम किए गए हैं। उन्होंने कहा कि त्यौहार सभी का है और इसके लिए जरूरी है कि सभी को साथ आकर समाज के साथ त्यौहार को मिलजुल कर मनाना चाहिए। प्रेरणा महिला क्लब द्वारा आज ऐसे ही जरूरतमंद बच्चों को होली का सामान देकर उनकी खुशियों को दुगना करने का काम किया गया। प्रेरणा महिला क्लब के तत्वाधान में संस्था के तमाम सहयोगी और साथियों ने मिलकर छोटे बच्चों को रंग, पिचकारी, खाने-पीने की सामग्री वितरण कर खुशी एवं सौहार्दपूर्ण शांति के साथ होली का त्यौहार मनाने का संदेश दिया। इस मौके पर संस्था की सक्रिय सदस्य रीना वर्मा, कविता महाराज, कल्पना जायसवाल,नीलम राय, नीतू जोशी, किरण ओझा, शिल्पी जैन ,सुदेश बधावन, संजू बघेल, नवनीत कौर, संतोषी पांडे, आंचल सलूजा सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रही।

## गांधी पार्क में होलिका दहन का आयोजन



**मनेन्द्रगढ़।** राजस्थान नवयुवक मंडल एवं हरियाणा नागरिक संघ के संयुक्त तत्वाधान में गांधी पार्क में सार्वजनिक होलिका दहन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजन स्थल में काफी संख्या में क्षेत्र के श्रद्धालु उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि शहर के गांधी पार्क में बीते कई वर्षों से सार्वजनिक होलिका दहन का आयोजन किया जाता रहा है। इस वर्ष भी राजस्थान में युवक मंडल एवं हरियाणा नागरिक संघ द्वारा आयोजन किया गया। आयोजन से कुछ दिन पूर्व ही होलिका तैयार कर उसके ऊपर होलिका की मूर्ति और भक्त प्रहलाद को विराजित किया गया था। होलिका के दिन सुबह से ही शुभ मुहूर्त में काफी संख्या श्रद्धालुओं ने होलिका की पूजा-अर्चना कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि की मंगल कामना की। रात्रि 9 बजे से ही अर्जुन स्थल में लोग जमा होने लगे। इस दौरान राजस्थान समाज के नवयुवकों द्वारा एक से बढ़कर एक फाग गीतों का गायन किया गया। चंग की थाप पर देर रात तक श्रद्धालु झूमते रहे। रात्रि 10:30 बजे श्रीराम मंदिर के महंत पंडित ओम नारायण द्विवेदी ने वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ क्षेत्र के सुख समृद्धि की कामना करते हुए पूजा-अर्चना कराई।

## फागुन महोत्सव में फाग गीतों पर झूमते रहे लोग



**मनेन्द्रगढ़।** ओसवाल भवन में फागड़ रा रसिया, फाग महोत्सव का आयोजन किया गया। राजस्थान मस्त मंडल द्वारा किए गए आयोजन में देर रात तक लोग परंपरागत फाग गीतों पर झूमते रहे। इस अवसर पर डॉ. विकास पोद्दार, सोहन पोद्दार,सुशील वैद, मुकेश कुम्मट, रंजीत बोथरा, ऋषभ कातेला, मुरली महाराज, आनंद जैन, प्रेम सेठिया, आनंद बोथरा ,देव मनु, दीपू बोथरा, हर्षित जैन, सुरेश जैन, जिनेश जैन, डालचंद जैन, राजेश कतेला, सुरेन्द्र लालवानी, कनक जैन, सुमन कातेला, प्रमिला कातेला, उमा जैन, वनीता उपाध्याय, ममोल बोथरा, रानी, माया पोद्दार, वर्षा गोयल, अर्चना पोद्दार समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। फागुन आवो चंग बजाओ रे रसिया, मैं तो खेलूंगी श्याम संग फाग जैसे गीतो के साथ रंग-ढाप, चंग, ढोल और झांझ पर लोग काफी देर तक थिरकते रहे। आयोजन के दौरान रंगीला राजस्थान का रंग दिखता रहा। इस अवसर पर समाज के राजेश कातेला ने बताया कि होली पर दाल, बाटी, चूरमा संग चढ़ता है होली का रंग, फागुन शुरू होते ही दिखने लगती है मस्ती-गींदड़, फूलों की होली, पतंग की उड़ान है राजस्थान में होली की अपनी अलग ही पहचान हैं, बुजुर्ग और युवा एक साथ फाग के गीत गाते हैं और नृत्य करते हैं।

## होली के रंग संबोधन के संग कार्यक्रम का आयोजन



**मनेन्द्रगढ़।** होली के रंग संबोधन के संग कार्यक्रम का आयोजन संबोधन के कार्यालय में किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी कवियों ने अपने कविताओं का वाचन किया। मुख्य रूप से वरिष्ठ साहित्यकार सतीश उपाध्याय ने रामलाल जी का कुत्ता पर एक अच्छा व्यंग सुनाया एवं एक गीत प्रस्तुत कर श्रोताओं को हसने और ताली बजाने के लिए मजबूर कर दिया। हास्य विधा में अपनी पकड़ रखने वाले साहित्यकार विनोद तिवारी ने घनाक्षरी छंद एवं सरगुजिया गीत पर लोगों की खूब तालियां बटोरी। सरगुजा कोरिया के ख्यातिलब्ध कार्टूनिस्ट एवं व्यंगकार जगदीश पाठक ने अपने व्यंग्य से लोगों का मन मोह लिया। होली के फाग गीत पर उपकार शर्मा ने लोगों को रंग बरसे भींगे चुनरिया पर लोगों को नाचने में मजबूर कर दिया। क्षेत्र में मंचीय कविता सुनाने में महारत हासिल रामचरित द्विवेदी ने कई मुक्तक छंद सुनाएं और कार्यक्रम को एक नई ऊंचाई प्रदान की। कार्यक्रम का सफल संचालन संस्था के वरिष्ठ सदस्य नरेन्द्र अरोड़ा ने कार्यक्रम के बीच-बीच में हंसी ठिठोली करते हुए चुटकुलों की लाइन लगा दी। लोग कार्यक्रम के दौरान ठहाका लगाते रहे। संबोधन साहित्य एवं कला विकास संस्थान के संस्थापक सदस्य विनोद तिवारी ने होली की शुभकामनाएं दी।

## हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया होली



फगुआ गीत गाते लोग ।

**चरचा कॉलरी।** आपसी भाईचारे एवं प्रेम के महापर्व होली त्यौहार दो दिनों तक चलता रहा। इस अवसर पर सोमवार एवं मंगलवार को होली त्यौहार मनाया गया। जगह-जगह लोग रंग गुलाल खेलते नजर आए। वहीं लोकसभा चुनाव को लेकर लगे आदर्श आचार संहिता, होली पर्व एवं रमजान को लेकर चौक-चौराहे पर पुलिस बल तैनात रहे। होली त्यौहार एक खुशियों का त्यौहार है, इसे देखते हुए गली-मोहल्लों में शांतिपूर्ण से होली खेली गई। ग्रामीण क्षेत्रों में लोग एक जगह एकत्रित होकर मॉदर मंजिरा व फगुआ गीत के साथ होली मनाई। शहरी क्षेत्र के लोग अपने-अपने मोहल्ले में बॉक्स लगाकर झूमे नाचते हुए होली खेलें। होली पर्व को शांति पूर्ण तरीके से मनाने के लिए जगह-जगह पुलिस प्रशासन की कड़ी व्यवस्था रही। निरीक्षण करने बीच-बीच में अधिकारी आते रहे। राजीव गांधी चौक स्थित तैनात पुलिस बल को अबीर गुलाल से तिलक लगाकर होली मनाई गई। सोमवार को वार्ड क्रमांक 6 सामुदायिक भवन में होली के गीत पर जमकर होली खेली गई। वहीं दूसरे दिन मंगलवार को वार्ड क्रमांक 1 स्थित सामुदायिक भवन में चरचा पुलिस द्वारा एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली त्यौहार मनाया। होली का त्यौहार दो दिनों तक दिनभर चलता रहा।

## होली मिलन में शामिल हुए विधायक



होली खेलते विधायक श्याम बिहारी जायसवाल।

**डोमनहिल।** स्वास्थ मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा होली के अवसर पर अपने आवास में होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर काफी संख्या में जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, प्रबुद्धजनों, मीडिया एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने भागीदारी कर स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल को होली की बधाई दी। होली मिलन समारोह में विशेष आकर्षण का केन्द्र रही भोजपुरी समाज के द्वारा पारंपरिक भोजपुरी और अन्य होलियां गाकर उनके परिवारजनों, उपस्थित लोगों एवं राज्य के नागरिकों को शुभाशीष दिया और प्रदेशवासियों की उन्नति, सुख व समृद्धि की कामना की। श्री जायसवाल ने कार्यक्रम में आए लोगों के साथ फाग एवं नृत्य कर होली आयोजन का आनंद लिया। स्वास्थ मंत्री सभी से मिले और होली पर्व की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि होली का त्यौहार उमंग और आपसी सौहार्द का पर्व है। सभी को आपस में मिलकर भाईचारे के साथ होली का पर्व मनाने की अपील की। होली पर्व पर मंत्री श्री जायसवाल ने प्रदेशवासियों की सुख शांति एवं समृद्धि की कामना भी की।

**न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया, छ.ग.**

**//आम ईश्तहार/नोटिस//**

प्रोसेस क्रमांक - 156/2024
आदेश दिनांक - 13/03/2024
पेशी दिनांक - 15/04/2024
उत्तराधिकार प्रकरण क्रमांक - 02/2024

1- माइकल आ. राजूराम उम्र- 30 वर्ष, निवासी सरडी बांधपारा, थाना चरचा, तहसील बैकुण्ठपुर, जिला -कोरिया छ.ग.। ...........आवेदकगण

प्रति

1- सर्वसाधारण
2- श्रीमान् महाप्रबंधक एस.ई.सी.एल. बैकुण्ठपुर क्षेत्र, तहसील बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया छ.ग.
3- श्रीमान् सहक्षेत्र प्रबंधक पण्डोपारा झिलमिली, थाना पटना, तहसील बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया, छ.ग.
4- क्षेत्रीय आयुक्त कोयला खान भविष्य निधि कार्यालय सीपत रोड बिलासपुर, छ.ग.
5- श्रीमती सुखमन पति स्व. राजूराम उम्र 55 वर्ष,
6- धर्मेन्द्र कुमार आ. स्व. राजूराम उम्र 32 वर्ष,
7- मुकेश कुमार आ. स्व. राजूराम उम्र 22 वर्ष, .................... अनावेदक क्रमांक 5, 6, 7 सभी निवासी नवापारा सोरगा पण्डोपारा, थाना पटना, जिला कोरिया, छ.ग.
8- श्रीमान् शाखा प्रबंधक भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा कार्यालय मनेन्द्रगढ़ जिला एम.सी.बी., छ.ग ............ अनावेदकगण

**बनाम-**

आवेदक ने अनावेदकगण के विरूद्ध अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम वास्ते मृतक स्व. राजूराम के नाम पर अनावेदक क्रमांक 02, 03, 04 और 08 की शाखा में जमा राशि मय ब्याज सहित की राशि एवं उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए उत्तराधिकार पत्र प्रस्तुत किया है और आवेदन पत्र की सुनवाई पेशी तारीख 15/04/2024 को दिन के ठीक 11:00 बजे होगी।

अतः आपको ताकिद सूचनार्थ करते हैं कि आपको मुतलफिक की जायदाद में हक हासिल हो तो ऐसा दावा रखते है कि आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उक्त तारीख को हक के कैफियत के साथ हाजिर हो। फिर भी आप उक्त दिनांक को हाजिर नहीं हुये तो उस आवेदन की सुनवाई आपकी गैर हाजिरी में की जावेगी। यदि उक्त तारीख को न्यायालय अवकाश रहता है तो अगले न्यायालयीन कार्य दिवस पर आवेदन की सुनवाई की जावेगी।

आज दिनांक 20/03/2024 को न्यायालय के पद मुद्रा से जारी किया गया।

**(मोहन सिंह कोर्राम)**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1**
**बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया, छ.ग.**

# वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक नृत्य संगीत की दी रंगारंग प्रस्तुति

**डोमनहिल।** केबी पटेल नर्सिंग एवं बीएड कॉलेज के छात्र -छात्राओं द्वारा संयुक्त रूप से वार्षिकोत्सव मनाया गया। नगर पालिक निगम स्थित मंगल भवन में रविवार को आयोजित इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के द्वारा समाज में व्याप्त नशा एवं अन्य बुराइयों को दूर करने के विषय को लेकर सारगर्भित कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, विशिष्ट अतिथि विधायक भरतपुर-सोनहत श्रीमती रेणुका सिंह एवं विधायक बैकुंठपुर भईयालाल राजवाड़े उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के संस्थापक अप्रवासी भारतीय चंद्रकांत पटेल ने की। कार्यक्रम में मेडिकल फील्ड से जुड़े लोग, नर्सिंग एवं बीएड के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। अतिथियों ने स्टूडेंट को रोजगार से जुड़ने के लिए टिप्स दिए। इस दौरान छात्र-छात्राओं के द्वारा बच्चों को नशे से दूर रहने के लिए नृत्य के साथ-साथ भारतवर्ष के सभी प्रांत से जुड़ी सांस्कृतिक डांस की प्रस्तुति भी दी गई। छात्र-छात्राओं ने क्लासिकल डांस से लेकर अपने सुरों से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। वार्षिकोत्सव के मौके पर नर्सिंग एवं बीएड के चतुर्थ वर्ग की छात्र-छात्राओं ने आकर्षक छत्तीसगढ़ी डांस, रिमिक्स डांस कर दर्शकों की वाहवाही लूटी। स्वागत उद्बोधन में संस्थापक चंद्रकांत पटेल ने कॉलेज ऑफ नर्सिंग को एक प्रमुख कॉलेज बताते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य राष्टीय और अंतरराष्टीय मानकों को पूरा करने वाली नर्सिंग शिक्षा, अभ्यास और अनुसंधान में उत्कृष्टता हासिल करना है।



सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देती छात्राएं।



वार्षिकोत्सव के दौरान उपस्थित अतिथि व अन्य।

**जल्द मिलेगी जिला अस्पताल की सुविधाः** मनेन्द्रगढ़ में 220 बिस्तर का अस्पताल चिरमिरी-मनेन्द्रगढ़ के बीच में मेडिकल कॉलेज एवं चिरमिरी के पास ही जिला अस्पताल की सुविधा जल्द मिलेगी। इस क्षेत्र को शिक्षा तथा स्वास्थ्य का हब बनाना हमारी प्राथमिकता में शामिल रहेगी। विधायक श्रीमती सिंह ने वीर शहीदों को याद करते हुए कहा कि हमें नहीं भूलना चाहिए कि उन तीन वीरों को जिन्हें आज के ही दिन अंग्रेजों ने फांसी पर चढ़ा दिया था। उन्होंने युवाओं से कहा कि इन शहीदों को ना भूले ,चंद्रकांत पटेल सात समुंदर पार रहकर भी अपनी जिम्मेदारी को नहीं भूले। कलेक्टर की धर्मपत्नी श्रीमती एकता लंगेह अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन करते हुए संस्था की छात्रों को इंग्लिश की शिक्षा दे रही है, नर्स के रूप में सेवा दे रही महिला का चेहरा जिनका योगदान कोरोना काल में देखा गया। विधायक श्री राजवाड़े ने इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम का सफल संचालन अभिजीत दत्ता एवं श्वेता कश्यप एवं आभार प्रदर्शन संस्था के डायरेक्टर विश्वजीत बारिक ने किया। कविता तिर्की ने विश्व की कामना करते हुए कहा कि आपको सॉफ्ट स्किल डेवलपमेंट में पढ़ना, लिखना, सुनना और सामाजिक परिवेश में बोलना शामिल है। कार्यक्रम को सफल बनाने में जुनू सहगल, कविता तिर्की,वहीदा खातून, प्रियंका सरकार ,सोनाली का योगदान रहा।

## पेज 1 का शेष

### घेराबंदी कर पुलिस...

इस पर आरोपी ने अपना नाम बसंत चक्रधारी पिता शोभाराम उम्र 48 वर्ष निवासी ग्राम बड़सरा कुम्हारपारा एवं मोटरसायकल चालक सुबेलाल पिता शुकुल उम्र 23 वर्ष निवासी बड़सरा पतेरापारा थाना भैयाथान जिला सूरजपुर का होना बताया गया। जब झोले की तलाशी ली गई तो झोले में 50 नग जम्मू स्पेशल विक्सी 180 एमएल कुल अंग्रेजी शराब की मात्रा 9 लीटर कीमती एवं घटना में प्रयुक्त एक मोटरसायल को जब्त किया गया है। इस पर आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 34/2024, धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर 23 मार्च को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। इस कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक लवांग सिंह, आरक्षक मनोज मिंज, आरक्षक सुरेन्द्र भगत शामिल रहे।

### कलेक्टर, एसपी ने ...

इस अवसर पर कलेक्टर विनय लंगेह भी पुलिस लाइन की होली में शामिल हुए और एसपी सूरज सिंह परिहार के साथ मिलकर गानों पर जवानों का साथ दिया। आयोजन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका ठाकुर, पुलिस राजपत्रित अधिकारी, थाना, चौकी एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के प्रभारी, रक्षित निरीक्षक सहित जिलेभर से काफी संख्या में पुलिस अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।







